तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार, 10 जून 2024

देश की आजादी में क्रांतिकारी बिरसा मुंडा... 11

महिलाओं ने माता कर्मा की छाया प्रति विधायक... 11

खबर संक्षेप

ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान

मैनपुर। ग्राम फुलझर निवासी जयलाल मरकाम उम्र 55 वर्ष ने अपने घर में खाना खाने के बाद कुसुम का पेड में फांसी लगाकर अपना जीवन लीला समाप्त कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण जयलाल मरकाम ने गमछे के माध्यम से फांसी लगाई थी मैनपुर पुलिस द्वारा मामले पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया गया है और शव को पोस्टमार्डम कर परिजनों का सौंप दिया गया है।

आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी, जुर्म दर्ज

महासमुंद। महिला का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने के मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। 8 जून 2024 को महासमुंद पुलिस ने साइबर क्राइम से संबंधित एक मामला दर्ज किया है, जिसमें एक इंस्टाग्राम आईडी से एक महिला का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वीडियो को वायरल करने की धमकी देते हुए पैसे की मांग की गई। मामले की शिकायत पर पुलिस ने इंस्टाग्राम आईडी दीप्ति पांडेय 5832 व प्रकाश बोस 40 के धारक के खिलाफ धारा 509 बी, 384, 67 आईटी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया है।

अवैध महुआ शराब जब्त

महासमुंद। बसना पुलिस ने ग्राम जमड़ी में एक आरोपी से करीब 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर तलाशी लेने पर जयकृष्ण चौहान पिता परदेशी चौहान 40 साल निवासी जमडी घर के पीछे झाड़ी के नीचे खाली मैदान में एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर एक सफेद रंग के 20 लीटर वाली प्लास्टिक जरकीन में भरी करीबन 4 लीटर हाथ भठ्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए मिला जिसे जब्त कर आरोपी पर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया गया है।

खेत में लगा सोलर पंप स्टार्टर चोरी

महासमुंद। पिथौरा थाना अंतर्गत ग्राम ठाकुदियाखुर्द में एक खेत से सोलर पंप का स्टार्टर चोरी होने का मामला दर्ज कराया गया है। मुनुदाऊ पटेल ने पुलिस को बताया कि उसने 2023 में उसके खेत नदियाखड़ ग्राम ठाकुदियाखुर्द में छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) विभाग के माध्यम से सौर सुजला योजना के तहत 03 एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप स्थापित कराया था। जहां रोजाना की तरह 3 जून 2024 को सुबह 6 बजे जब अपने खेत गया तो देखा कि उसके खेत में लगे सोलर पंप का सौर पेनल स्टार्टर नहीं था। प्रार्थी ने बताया कि उसके खेत में लगे सोलर पंप का सौर पैनल स्टार्टर कीमत करीबन 17 हजार रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध अपराध धारा 379 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

धारदार हथियार से पत्नी की हत्या, नशे में रातभर शव के पास सोता रहा पति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

- रात में पति-पत्नि के बीच हुआ था विवाद
- पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया

नगर के वार्ड नंबर 12 विनायक नगर में रिंगरोड से लगे मकान में 26 वर्षीय महिला की पति ने धारदार हथियार मारकर हत्या कर दी है। पुलिस ने मृतिका के पति को हिरासत में लेकर जांच कर रही है। रविवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 जून को रात्रि में नशेड़ी पति चेतन बंजारे एवं पत्नि पूर्णिमा बंजारे के साथ झगड़ा लड़ाई हुआ था। दूसरे दिन घर का दरवाजा में आवाज देने एवं खटखटाने के बाद दरवाजा नहीं खुला तो ससुर

खटखटाने के बाद दरवाजा नहीं खुला तो ससुर ने पुलिस को दी सूचना

घुरउराम बंजारे ने फिंगेश्वर पुलिस को सूचित किया। पुलिस को सूचना मिलने पर एएसआई देशमुख एवं प्रधान आरक्षक दिलीप सिन्हा उस घर में पहुंचकर दरवाजा खटखटाया तो काफी देरे बार चेतनराम बंजारे दरवाजा खोला। दरवाज खुलते ही पुलिस उसके कमरे में घुसी तो देखा कि बिस्तर पर चेतन की पत्नि सोई हुई है लेकिन कोई हल चल नहीं है।

पति को हिरासत में लेकर पूछताछ- दीवारों पर खून के धब्बे दिखाई दिया वहीं पर सिर में गहरी चोट भी दिखाई दिया जिससे पुलिस को समझने में देर नहीं लगी और चेतन को तत्काल हिरासत में लेकर पुलिस थाने ले आई है और उससे पूछताछ कर रही है। इधर कमरे में जिस प्रकार से पूर्णिमा लेटे हुई थी उससे ऐसा प्रतित होता है ▶▶|शेष पेज 10 पर

विडंबना : बिजली विभाग के कर्मचारी जान जोखिम में डालकर करते हैं कार्य

सबस्टेशन भवन में दरवाजा, खिड़की नहीं सर्प और जीव-जन्तु का बना रहता है डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के बिजली विभाग में कार्यरत अधिकारी कर्मचारी जान जोखिम में डालकर खतरा भरे कार्य करने मजबूर हो रहे हैं, इसकी जानकारी संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों को होने के बावजूद भी समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रहा हैं, स्थानीय अधिकारी कर्मचारी अपने से बड़े अफसरों को अपनी समस्या अवगत कराने में संकोच महसुस करते हैं लेकिन बिजली विभाग का कार्य खतरों से भरा कार्य है इसलिए इस क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए और इन्हे पूरी सुरक्षा मुहैया कराया जाना चाहिए, गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र घने जंगल से घिरा क्षेत्र है और बिजली का तार घने जंगलों से होकर गुजरी हुई है खासकर जून, जुलाई व अगस्त में आंधी, तूफान व बारिश के कारण जंगल के भीतर पेड़ -पौधे बिजली के तार में गिर जाने से रात के समय बिजली विभाग के कर्मचारी एवं स्थानीय अधिकारी बिजली सुधार करने के लिए घने जंगलों के भीतर झमाझम बारिश और आंधी- तूफान के बीच पेट्रोलिंग करते जाते हैं लेकिन देखने को मिल रहा है कि इन कर्मचारियों के पास अपने स्वंय के सुरक्षा के लिए जरूरी सुरक्षा कीट तक नहीं है, बिजली कर्मचारी बारिश और रात के अंधेरे में बगैर सुरक्षा कीट के जंगलों के भीतर पहुंचकर बिजली की मरम्मत और सुधार करते हैं।



भवन निर्माण के लिए भेजा गया है प्रस्ताव

बिजली विभाग गरियाबंद के जिला अधिकारी अतुल तिवारी ने बताया कि मैनपुर बिजली सबडिविजन कार्यालय भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है और सबस्टेशन में जो भी समस्याएं है उसे जल्द पूरा कर दिया जायेगा। - अतुल तिवारी, बिजली विभाग जिला अधिकारी

सबस्टेशन में बुनियादी सुविधाओं का आभाव

मैनपुर को वर्ष 2015 मे सबडिविजन बनाया गया लेकिन अब तक भवन निर्माण नहीं हुआ बेहद जर्जर पुराने किराए के भवन में यह कार्यालय संचालित हो रहा है, यहां कार्यालय में भी जगह की कमी बनी हुई है। 30 साल पुराने सब स्टेशन कार्यालय में दरवाजे नहीं है। हमेंशा जहरीले सर्प और जीव -जन्तुओं का डर बना रहता है। पिछले 30 वर्षो से इस सबस्टेशन में बुनियादी सुविधा नाम की कोई चीज नहीं है, यहां कार्यरत कर्मचारियों को जान जोखिम में डालकर दिन रात सेवा देना पड़ता है, और तो और सबस्टेशन में जो एक कमरे का भवन निर्माण किया गया है वहां वर्षो से शौचालय अधूरा है, सबस्टेशन में शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है। भवन की हालत इतना खराब है कि खिड़की दरवाजे तक नहीं है, कपड़ा बांधकर दरवाजा बनाया गया है और चारो तरफ खेत खलियान, नदी -नाले होने के कारण यहां हमेंशा जहरीले सर्प बिच्छू घुस जाते है, जिससे यहां तैनात ऑपरेटर व कर्मचारियों के जान जोखिम में बना रहता है।

शौचालय का निर्माण अधूरा

तहसील मुख्यालय से पूरे क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामों में बिजली की रौशनी की सप्लाई की जाती है लेकिन खुद बिजली विभाग के सबस्टेशन समस्याओं से घिरा है, यहां कार्यरत कुछ कर्मचारियों ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि नगर के अंतिम छोर में बिजली सबस्टेशन है, चारो तरफ खेत खलियान है, सबस्टेशन में दरवाजा नहीं है, खिड़की नहीं है, जिसके कारण बारिश के दिनों में कई बार जंहरीले सर्प और बिच्छू घुस जाते है, और तो और यहां कार्यरत कर्मचारियों के शौचालय तक नहीं है यहां शौचालय का निर्माण कार्य अधूरा है। लकडबघ्घा, भालू भी कई बार पीछे के तरफ से यहां तक पहुंच जाता है और रात के समय शौच के लिए अधेरे में बाहर जाना पड़ता है और तो और बिजली स्टेशन में ही बिजली की कमी है। चारो तरफ यहा लाईट लगाने की जरूरत है।

दो अंतर्राज्यीय तस्कर से 6 किलो गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद पुलिस कप्तान अमित तुकाराम काम्बले के दिश-निर्देश में नशे के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरियाबंद जितेन्द्र चन्द्राकर, एसडीओपी मैनपुर के मर्गदर्शन एवं परिवेक्षण में समस्त थाना प्रभारी नशे के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में मुखबीर सक्रिय कर दिये थे।

रविवार को जरिये मुखबीर से थाना प्रभारी मैनपुर निरीक्षक शिव शंकर हुर्रा को सूचना मिला कि 2 व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ गंजा रखकर मैनपुर से गरियाबंद मुख्य मार्ग में बेचने की फिरक में जा रहे है कि सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए हमराह स्टाप एवं गवाहन के साथ ग्राम धवलपुर जिरो पाइंट के पास मेन रोड़ नेशनल हाईवे 130 सी के पास रेड कार्यवाही करने रवाना हुआ जो ग्राम धवलपुर जिरो पाइंट के पास मेन रोड के पास मुखबीर के बताये अनुसार नाकाबंदी लगाया गया। जो ग्राम धवलपुर ओर से बाइक सवार दो व्यक्ति को आते हुए रोक कर पकड़े जिसका नाम पता पूछकर तालाशी लेने पर मोटर साइकिल चालक किशन गवारिया पिता किसन कुमार गवारिया पिता रामसिंह गवारिया उम्र 27 साल ग्राम कोटा ▶▶|शेष पेज 10 पर

भृत्य के खाते से लाखों पार धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नवा रायपुर उपरपारा स्थित सेंट्रल बैंक शाखा में भृत्य के पद पर पदस्थ एक व्यक्ति के खाते से अज्ञात लोगों द्वारा नेट बैंकिंग के माध्यम से धोखाधड़ी पूर्वक लाखों रुपए की राशि पार करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 420 के तहत धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ऊपरवारा निवासी तुलेश्वर साहू पिता संत राम साहू सेंट्रल बैंक की ऊपर वाला शाखा में दैनिक वेतन भोगी के रूप में पदस्थ है। इसी बैंक में उनका बचत खाता भी है जिसमें उनका मोबाइल नंबर लिंक है 1 जून को उनके मोबाइल में चार बार में 136499 रुपया आहरण का मैसेज आया तो उन्होंने बैंक में संपर्क किया तो बैंक अधिकारियों ने उनके खाते से नेट बैंकिंग के माध्यम से उक्त राशि आहरण करना बताया तत्पश्चात प्रार्थी ने अपने खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा उक्त राशि धोखाधड़ी पूर्वक किसी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनके खाते से निकालने की रिपोर्ट राखी थाने में दर्ज कराई गई पुलिस ने प्रार्थी के रिपोर्ट पर धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है ।

ग्रामीणों को बांटी गई दैनिक उपयोग की सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- ग्रामीणों को भयमुक्त जीवन यापन करने के लिए किया प्रोत्साहित

जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में कमाण्डेन्ट 65 बटालियन विजय कुमार सिंह के दिशा निर्देशानुसार 65 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के न वी न एफओबी कैम्प ओड स्थित डी/65 कम्पनी के जवाबदारी के इलाके ग्राम अमलोर एवं ओड में विजय कुमार सिंह कमाण्डेन्ट 65 बटालियन के नेतृत्व में सिविक एक्शन प्रोग्राम तथा चिकित्सा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विक्रम कुमार, द्वितीय कमाद्ण अधिकारी, डेनियल एल, उपद्नकमाद्न, चव्हाण गणेश वी, सहाद्नकमाद्न, अजिंक्य एमद्न बोराडे, सहाद्नकमा, उपद्ननिद्न/ फार्मा मृत्युंजय पानीग्राही एवं बटालियन के अन्य जवानों के साथ- साथ अमलोर एवं ओड ग्राम के लगभग 120 ग्रामीण कार्यक्रम मे शामिल हुए। इस कार्यक्रम में महिलाएं, बच्चे एवं बुजुर्ग शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही बटालियन के फार्मासिस्ट द्वारा बीमार व जरूरतमंद ग्रामीणों की चिकित्सा जॉच की गई तथा निशुल्क दवाईयॉ उपलब्ध करायी गयी। इस अवसर पर विजय कुमार सिंह कमाण्डेन्ट 65 वीं वाहिनी ने नक्सलियों द्वारा की जा रही गतिविधियों के संबंध में अवगत कराते हुए आसपास के ग्रामीणों को भयमुक्त जीवन यापन करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए स्थानीय ग्रामीणों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। इसके अतिरिक्त ▶▶|शेष पेज 10 पर

नक्सल प्रभावित क्षेत्र ओड़ में लगा सिविक एक्शन प्रोग्राम

बेन्द्रानाला में पुल नहीं, बरसात के दिनों में 25 किमी सफर तय करते हैं ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

- बरसात के दिनों में बाढ़ आ जाने से आवागमन हो जाता अवरूद्ध

आजादी के 70 साल बाद भी ग्राम जटियातोरा और भरूवामुड़ा तक पहुंचने के लिए प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण किया गया, मगर गांव तक पहुंचने वाली बेन्द्रानाला पर आज तक पुल-पुलिया नहीं बना है। जिससे बारिश के दिनों में आने- जाने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं बरसात के दिनों में बाढ़ आ जाने से आवागमन अवरूद्ध हो जाता है। बरसात भर पालक लोगों को भय की आंशका बनी रहती है। क्योंकि इसी मार्ग से यहां के छात्र-छात्राओं को नाला पार करके हायर सेकंडरी व कॉलेज पढ़ने छुरा जाते हैं। बारिश में नदी में बाढ़ आने से यहां के छात्र- छात्राएं 25 किलोमीटर का सफर तय करके छुरा पहुंचते हैं। जबकि जटियातोरा से छुरा की दूरी 10 किलोमीटर है। ग्रामवासियों का यही आवागमन का मुख्य मार्ग है। जिसमें आवाजाही में लोगों को परेशानी हो रही है, आज भी भरूवामुडा और जटियातोरा के लोग पुल- पुलिया के लिए तरस रहे हैं। किसानों को भी इसी नाला पार करके खाद्य, बीज और अन्य सामग्री आने के लिए कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के ग्रामीण उप सरपंच राधेश्याम, हरि ध्रुवा, मेसराम, भीखम मरकाम, घनश्याम ने बताया कि किसी की स्वास्थ्य अचानक ▶▶|शेष पेज 10 पर

डिवाइडर से टकराकर मोटर साइकिल चालक की मौत

महासमुंद। तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कांपा में 1 मार्च को 2024 को लापरवाहीपूर्वक मोटरसायकल चलाकर वाहन चालक ने पुलिया के डिवाईडर को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया था, जिसमें गंभीर रूप से घायल होने पर इलाज के दौरान वाहन चालक की मौत हो गइ है। पुलिस ने बताया कि शेख शादिक खान पिता शेख अली (33 साल) 1 मार्च 2024 को मोटर सायकल प्लेटिना क्रमांक सीजी 04 पीबी 2044 में अपने मित्र महेंद्र नौरंगे और सुरेंद्र कुमार सोनी को पीछे बैठाकर मोटर सायकल को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर एनएच 53 रोड ग्राम कांपा के पास पुलिया के डिवाइडर को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे गंभीर चोट आने पर इलाज के लिए शासकीय अस्पताल तुमगांव में भर्ती कराया गया था।

कैंसर सर्जरी
पश्चात अंगों का
पुन:निर्माण
(जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

हरिभूमि
पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

Baloda Bazar To	Zest	Crysta	Today Offer
Raipur Airport	1499	2999	999
Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur	4999	7999	2999
Sambalpur / Bargarh / Blangir	3999	7999	1999

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
*T&C Apply
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

खबर संक्षेप

नीट यूजी रिजल्ट को लेकर एनएसयूआई का विरोध प्रदर्शन

रायपुर। नीट यूजी-2024 के रिजल्ट पर विवाद गहराता जा रहा है। देशभर के अलग-अलग शहरों में छात्र विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्र नीट रिजल्ट रद्द करने और दोबारा परीक्षा कराने की मांग कर रहे हैं। नीट रिजल्ट को लेकर एनएसयूआई ने बाबा साहब आंबेडकर की मूर्ति के सामने प्रदर्शन किया। एनएसयूआई ने मांग की है कि रिजल्ट रद्द किया जाए और सीबीआई से जांच कराई जाए। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि नीट परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एक प्राइवेट संस्था है। सरकार ने प्राइवेट एजेंसियों के हाथों में छात्रों का भविष्य दे दिया है। नीट परीक्षा में एक साथ इतनी संख्या में एक जैसे नंबर मिलना संदेह पैदा करता है। यह लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जो घंटों बैठकर विषम परिस्थितियों में पढ़ाई करते हैं। इसलिए सरकार को इसमें दखल देते हुए इस परीक्षा परिणाम को रद्द करना चाहिए। सीबीआई से जांच कराकर जिम्मेदारों के खिलाफ भी कार्रवाई करनी चाहिए। नीट परीक्षा के परिणाम में एक साथ 67 विद्यार्थियों को 720 में से 720 अंक मिले हैं। एनएसयूआई ने छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स पर भी सवाल उठाया। साथ ही कहा कि कुछ विद्यार्थियों को 718 और 719 अंक भी आए हैं, जबकि नियमानुसार किसी भी तरह से किसी छात्र के 718 और 719 अंक नहीं आ सकते, नीट में 200 प्रश्न होते हैं, जिसमें छात्रों को 180 प्रश्न का उत्तर देना होता है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित होते हैं. एक गलत होने पर चार अंक कम होने के साथ एक अंक माइनस होता है, ऐसे में एक प्रश्न गलत होने पर 718 या 719 अंक संभव ही नहीं है।

राहगीरों को किया शरबत वितरण

रायपुर। सिखों के पांचवे गुरु, गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस पूरे शहरभर में मनाया गया। शब्द कीर्तन से राजधानी रायपुर के गुरुद्वारे गूंज उठे। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद चखा। संगत ने छबील सेवा में योगदान दिया। इसी कड़ी में होरा परिवार द्वारा शनिवार को गुरु गोविंद सिंग चौक पर ठंडे शर्बत व प्रसाद का वितरण राजधानीवासियों और राहगीरों को किया गया। इस अवसर पर हरमीत सिंह होरा, मिनी होरा परिवार शामिल हुए।

गजराज तालाब को पर्यटन केंद्र के रूप में किया जाएगा विकसित

रायपुर। शहर के बोरियाखुर्द स्थित गजराज तालाब को पर्यटन के रूप में जल्द ही विकसित किया जाएगा। विधायक मोतीलाल साहू और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह शनिवार को इस तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि गजराज तालाब पर्यटन केंद्र के रूप में उभर सकता है, इसलिए इसका सौंदर्यीकरण बेहतर तरीके से किया जाए। कलेक्टर ने इसके बाद संबंधित अधिकारियों को तालाब को विकसित करने के लिए ड्राइंग डिजाइन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। 200 एकड़ में फैले गजराज तालाब को विकसित और सुंदर बनाने के लिए तालाब के चारों ओर प्लांटेशन का कार्य किया जाएगा। यहां जल संरक्षण के लिए भी कार्य किया जाएगा। कलेक्टर ने बांध के चारों ओर बेहतर तरीके से सौंदर्यीकरण करने के भी निर्देश दिए है। तालाब के एक हिस्से में हरे-भरे पेड़-पौधे लगाए गए है, जिसे आक्सीजोन बनाया गया है। यहां लोगों की आवाजाही सुनिश्चित हो। इसके लिए कलेक्टर ने नेचर ट्रेल और ट्रैकिंग विकसित करने के निर्देश दिए हैं।

उत्सव : राजिम विधायक साहू को जन्मदिन की बधाई देने वालों का लगा तांता

भाजपा मंडल ने विधायक रोहित को लड्डुओं से तौला, हजारों की संख्या में शामिल हुए कार्यकर्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

रविवार को विधायक रोहित साहू का जन्मदिन राजिम मुख्यालय के कृषि ऊपज मंडी परिसर में धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं भाजपा मंडल द्वारा विधायक साहू को लड्डुओं से तौला गया। हजारों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता व मातृशक्तियां पुष्प माला लेकर विधायक साहू का स्वागत करने पहुंचे थे। मंडी परिसर में विधायक साहू ने कक्षा 10वीं के बोर्ड परीक्षा में टॉप टेन में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली कोपरा-भेण्डरी की छात्रा कुमारी होनिशा साहू को लैपटॉप दिया। यहां ट्राइसिकल, श्रवणयंत्र वितरण किया गया। इसके अलावा विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण का कार्यक्रम हुआ और रक्त डोनेट भी किया गया। जितने भी भाजपा कार्यकर्ता यहां पहुंचे थे सभी ने पौधारोपण वाला तस्वीर विधायक को शेयर किया। मंडी में कुड़ेरा दादर से पहुंचे पंडित कांताप्रसाद का हरिकीर्तन हुआ। देर शाम विधायक श्री साहू के निवास में सुंदरकांड का पाठ नवापारा के सालासार सुंदरकांड समिति द्वारा किया गया। वृद्धाश्रम में मिठाई बांटी गई और सरकारी अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया।

मां महामाया के दर्शन कर क्षेत्र के खुशहाली की कामना की- मंच पर विधायक और उनकी धर्मपत्नी भुनेश्वरी साहू तीनों बच्चे कुमारी पायल, कुमारी प्राची और बेटे झील कुमार साहू के साथ मौजूद थे। यहां केक परिवार के साथ मिलकर काटा। इस दौरान बार- बार दिन ये आए, तुम जियो हजारो साल की गूंज समूचे परिसर में होने लगी। दोपहर 12 बजे से लेकर देर शाम तक महिलाएं-बहने अपने हाथो में बुकें लेकर मंच तक भेंट करने के

लिए पहुंचते रहे। मालूम हो कि विधायक को चाहने वाले कार्यकर्ता स्वस्फूर्त यहां पहुंचे थे। पूरा दिन जन्मदिन के खुशियों में मंडी परिसर में ही बीता। मंडी पहुंचने के पहले सुबह 7 बजे विधायक अपनी धर्मपत्नी के साथ सबसे पहले मां महामाया मंदिर, श्री राजीव लोचन मंदिर पहुंचे। उसके बाद श्री कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर और इसी के साथ बाबा गरीबनाथ मंदिर पहुंचकर धूमधाम से पूजा-अर्चना और आरती करके राजिम शहर सहित पूरे क्षेत्र के सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना किया। मंदिर से लौटते में शहर के बस स्टेण्ड पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में मौजूद हजारो कार्यकर्ताओं ने श्री साहू का ऐतिहासिक स्वागत आतिशबाजी से किया। विधायक श्री साहू अपने जन्मदिन के अवसर पर पिता विष्णुराम साहू और माता बिसाहिन देवी साहू का चरण छुकर आशीर्वाद लिया।

बधाई देने वालों का दिन भर लगा रहा तांता- विधायक रोहित साहू को जन्मदिन के अवसर पर बधाई देने वालों का दिन भर तांता लगा रहा। बधाई देने वालों में जिला पंचायत के सदस्य चंद्रशेखर साहू, राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर, अभनपुर ब्लॉक सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष पारस सिंह ठाकुर, नगर पालिका नवापारा के नेता प्रतिपक्ष भाजपा नेता प्रसन्न शर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष महेश यादव, राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, नवापारा भाजपा के युवा नेता किशोर देवांगन, राजिम भाजपा मंडल के अध्यक्ष कमल सिन्हा, पार्षद टंकु सोनकर, प्रवीण पुष्पाकर, लखन लाल सिन्हा, अशोक मिश्रा, राजा पारख, नगर पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष जगदीश यदु, किसान मोर्चा के पदाधिकारी मनीष हरित, राजू साहू, किशोर साहू, नेहरू साहू, नेपाल साहू, विजय कंडरा, पोखरा के सरपंच सतीश यादव, ललित सिन्हा, रामनारायण मिश्रा, छाया राही, देवकी साहू, खुशी साहू, मधु नत्थानी, रिखी यादव, वीरेंद्र साहू, रूपसिंग सिन्हा, आकाश सिंह राजपूत, मनोज देवांगन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

दो सूने मकानों में चोरों का उत्पात नकदी, जेवर पर हाथ साफ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं, अलग-अलग थाना क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसे ही एक मामले में विधानसभा थाना क्षेत्र में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात दो सूने मकानों में चोरों ने धावा बोलते हुए आठ लाख रुपए से ज्यादा के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी पर हाथ साफ कर दिया। जिन लोगों के यहां चोरी की घटनाएं हुई है, उनमें एक बाहर गया था, दूसरा ड्यूटी पर गया था। चोरी की घटना से परेशान लोगों ने पुलिस को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

- विधानसभा थाना क्षेत्र में स्वास्तिक पार्क एवेन्यू की घटना

पुलिस के मुताबिक भुरकोनी स्थित स्वास्तिक पार्क एवेन्यू में प्रशांत सिंह तथा कृष्णचंद तिवारी के घर चोरी की घटना हुई है। चोरों ने दोनों के मकान का मेन गेट का ताला तोड़कर मकान के अंदर प्रवेश किया। इसके बाद दोनों घरों की आलमारी खोलकर

लॉकर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस के अनुसार दोनों घटना को एक ही चोर गिरोह ने अंजाम दिया है। पुलिस को मौके पर सीसीटीवी फूटेज भी मिले हैं। फूटेज में दो से तीन संदिग्ध दिख रहे हैं। कालोनी में रहने वाले नीरज प्रताप सिंह, प्रशांत सिंह, धर्मेंद्र भट्ट, राज सिंह, गौरव के मुताबिक उनकी कालोनी में 50 से 60 परिवार निवासरत हैं। रहवासियों के मुताबिक कालोनी में पर्याप्त लाइट तथा गार्ड नहीं होने की वजह से चोरी की घटना हुई है। कालोनी में रहने वाले लोगों ने कालोनाइजर से पर्याप्त लाइट लगवाने के साथ गार्ड की व्यवस्था कराने की मांग की है।

भूपेश के बयान पर भाजपा नेताओं ने घेरा, अजय बोले- जो कभी पजामा नहीं पहने उन्हें नाड़े का क्या अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दिए गए नाड़े वाले बयान पर अब भाजपा नेताओं ने उन पर चौतरफा हमला किया है। एक तरफ जहां भाजपा के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा है कि जो कभी पजामा नहीं पहने उन्हें नाड़े का क्या अनुभव। वहीं कांग्रेस से भाजपा में आई राधिका खेड़ा ने लिखा है, नाड़ा तो छत्तीसगढ़ की जनता ने दूसरी बार आपका काट दिया।

भाजपा मीडिया विभाग के प्रमुख अमित चिमनानी ने भी इस मामले में तीखा हमला किया है। लोकसभा चुनाव को लेकर एक दिन पहले ही प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बयान दिया था कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पजामा का नाड़ा काट दिया है। पार्टी तोड़ने, चुने हुए मुख्यमंत्रियों को जेल में डालने, डराने-धमकाने वालों को जनता ने अच्छा सबका सिखाया है। अब इसको लेकर भाजपा नेता पलटवार कर रहे हैं।

राधिका खेड़ा ने लिखा- नाड़ा तो छत्तीसगढ़ की जनता ने दूसरी बार आपका काट दिया

भूपेश ने कहा - राहुल गांधी ने मोदी के पाजामे का नाड़ा काट दिया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव परिणाम जारी होने के बाद आए परिणाम को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री ने मोहला-मानपुर में टिप्पणी करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पाजामा का नाड़ा काट दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी तोड़ने, चुने हुए मुख्यमंत्रियों को जेल में डालने तथा डराने धमकाने वालों को देश की जनता ने सबक सिखाया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने एक्स पर ट्विट करते हुए एनडीए में फूट पड़ने की बात कहते हुए सालभर के भीतर मध्यवधि चुनाव होने की आशंका व्यक्त की है। पूर्व मुख्यमंत्री के मुताबिक महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इस्तीफा दे रहे हैं, उत्तरप्रदेश में योगी आदित्यनाथ की कुर्सी हिल रही है। इसके साथ ही राजस्थान में भजनलाल की स्थिति डगमगा रही है। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की कुर्सियां डगमगा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री के मुताबिक वे जरूर चुनाव जरूर हार गए हैं, लेकिन हमें तैयार रहना है। 6 महीना सालभर में फिर से मध्यावधि चुनाव हो सकता है। इसके लिए हमें तैयार रहना है। पूर्व मुख्यमंत्री के मुताबिक गठबंधन के साथ-साथ भाजपा के नेताओं में भी विवाद शुरू हो गया है।

- पूर्व मुख्यमंत्री ने देश में जल्द ही मध्यावधि चुनाव होने का दावा किया

अजय-राधिका का हमला

भूपेश बघेल के पोस्ट और वीडियो को लेकर अब अजय चंद्राकर ने अपनी पोस्ट में लिखा- जो कभी पजामा नहीं पहने उन्हें नाड़े का क्या अनुभव, तो वो क्या नाड़ा काटेंगे। गला फाड़ते-फाड़ते तो इनकी जवानी निकल गई। इधर भाजपा नेता राधिका खेड़ा ने भी इस मामले में जवाब देते हुए पोस्ट पर लिखा- नाड़ा तो छत्तीसगढ़ की जनता ने दूसरी बार आपका काट दिया। इसी के साथ राधिका ने लिखा है, आपने 30 अप्रैल 2024 को शाम 7.14 बजे आपने मुझे छत्तीसगढ़ छोड़ने के लिए कहा था, लेकिन लगातार आपको छत्तीसगढ़ छोड़ रहा है।

स्तरहीन बयान : चिमनानी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर कड़ा ऐतराज जताते हुए बयान को स्तरहीन बताया है। श्री चिमनानी ने कहा, श्री बघेल विधानसभा चुनाव की करारी शिकस्त और लोकसभा चुनाव की हार के बाद अब राहुल, पाजामा और नाड़े से बाहर निकलकर राजनीतिक सच का सामना करने की हिम्मत दिखाएं। श्री चिमनानी ने कहा, खुद भूपेश बघेल राजनांदगांव में चुनाव हार गए, उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की शर्मनाक हार हुई, राहुल गांधी, जिनके लिए भूपेश बघेल बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं, के नेतृत्व में कांग्रेस ने 2014, 2019 और 2024 में 3 लोकसभा चुनाव लड़े हैं और तीनों चुनाव की सीटों को मिलाकर भी कांग्रेस ने कुल 195 सीट मात्र जीती है, जबकि भाजपा ने केवल 2024 के लोकसभा चुनाव में 240 सीटें जीती हैं और इसकी तुलना में कांग्रेस की सीटें काफी कम हैं, तो फिर श्री बघेल की भाषा में किसने, किसका नाड़ा काटा है।

नाले में गिरी कार, सवार युवक बाल-बाल बचे

सिर्री। सिर्री से आलेखुंटा जाने के मार्ग में लक्ष्मी राइस मिल के सामने नाले में कार गिर गई। कार में 7 युवक सवार थे जो बाल-बाल बचे। घटना 8 जून की शाम 4 बजे है। डौंडीलोहारा से हुंडई ग्रेंड आई 10 कार क्रमांक सीजी 04 एनए 3013 में 7 युवक सवार होकर शनिवार की शाम राजिम में पिकनिक मनाने के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि कार चालक नशे में था और अचानक रास्ते में गाय आने से उसे बचाने के चक्कर में कार मिल के सामने नाले में नीचे गिरकर पलट गई। इस घटना में सभी युवकों को मामूली चोट आई है। ग्रामीणों की मदद से घायलों को तुरंत सिर्री के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

गर्भवती महिलाओं को व मरीजों को फल बांटे

मुड़ागांव(कोरासी)। भारतीय जनता पार्टी मण्डल पाण्डुका के कार्यकर्ताओं ने राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खड़मा में गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को एवं मरीजों को फल वितरण किया गया एवं नवजात शिशु के लिये मच्छर दानी, साबुन, तेल व माता के लिए पौषिटक आहार प्रदान किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से मण्डल अध्यक्ष संदीप पाण्डेय, पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष गुलशन सिन्हा, महामंत्री प्रकाश सिन्हा प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र के ग्रामीण सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर महावीर प्रसाद बरगाह, शिवदयाल ध्रुव, भागचंद बंजारे, मनेन साहू सहित समस्त स्टाफ के कर्मचारी उपस्थित रहे।

पेज 9 के शेष...

धारदार हथियार से....

कि उसकी हत्या कर उसे सुला दिया गया था। क्योकि जिस पलंग में वह सोई हुई थी वहां पर खून के छिटे नहीं थे। साथ ही किसी प्रकार से लड़ाई- झगडे का होने का प्रमाण था। जिस हथियार से उसे मारा गया है वह हथियार भी पुलिस को दिन में नहीं मिला था। कमरे में लग रहा था जैसे हत्या के बाद फैले खून की साफ- सफाई की गई हो। खून से लथपथ कपड़े भी दिखाई नहीं दिये।

मृतिका के मायके वालों के आने के बाद पीएम के लिए भेजा शव- घटना की जानकारी होने पर घटना स्थल मकान के बाहर लोगों की काफी भीड़ लग गई थी। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर मृतिका के मायके वालों के आने के बाद ही शव को पीएम के लिए चीरघर भिजवाया। बताया जाता है कि मृतिका पति चेतन बंजारे नशे की हालत में आए दिन किसी न किसी बात को लेकर मृतिका से विवाद करता रहता था। मृतका के 2 बच्चे हैं। फिर हाल इस हत्या के मामले में पति चेतन बंजारे के ऊपर पूरा शक है। 10 जून तक सारी बातों का खुलासा होने की संभावना है।

दो अंतर्राज्यीय...

थाना कुन्नाड़ी जिला बुन्दी राजस्थान के कब्जे से मोटर साइकिल तथा एक मोबाईल मिला तथा पीछे बैठे संदेही सुरज गवारिया पिता मानसिंह गवारिया उम्र 19 वर्ष साकिन कोटा नंहता पारा थाना कुन्हाड़ी जिला बुन्दी राजस्थान के कब्जे से 5 किलो ग्राम तथा गांजा 01 किलोग्राम कुल 06 किलो ग्राम किमती 60 हजार रूपये को जप्त किया गया है। पुलिस ने आरोपीयों को गिरफ्तार न्यायिक रिमाण्ड में भेज दिया है। इस कार्यावाही में शिवशंकर हुर्रा, जोहन राम ध्रव, नकूल सिदार, रवि लहरे, 213 राजकुमार साहू, आरक्षक कोमल धृतलहरे, शिवलाल तिर्की, कृष्णानंद यादव, प्रमोद यादव, प्रवीण वर्मा, सुखसागर नाग की सराहनीय भूमिका रही।

ग्रामीणों को बांटी...

वाहिनी कमाण्डेन्ट ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम जहां एक ओर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं स्थानीय जनता, ग्रामीणों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने में सहायक है, वहीं दूसरी ओर नक्सलियों द्वारा कि जा रही गतिविधियों को भी उजागर करने के लिए कारगर है। उन्होने बताया कि सिविक एक्शन प्रोग्राम का मुख्य लक्ष्य स्थानीय जनता के साथ मिलकर क्षेत्र मे हो रही नक्सली गतिविधियों को समाप्त कर शांति एवं कानुन व्यवस्था बनाए रखना है। इस अवसर पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी व जवान तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

बेन्द्रानाला में पुल...

खराब हो जाने से 108 एम्बुलेंस यहां पर पहुंचना दूर की बात है, मरीज की जान बचाने के लिए सेदबाहरा के किसान के खेत नाला पारकर अस्पताल ले जाना पड़ता है। इस गंभीर समस्या को लेकर मंत्री, सांसद, विधायक से लेकर अधिकारियों तक गुहार भी लगा चुके हैं। लेकिन आज हमारी समस्या का समाधान तस के तस बना हुआ है। बारिश में सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं को प्रसव के समय या अचानक रात में किसी की तबीयत बिगड़ी तो 25 किलोमीटर दूर घुमकर छुरा जाना पड़ता है तब तक मरीज अपनी जान भी गंवा भी देते हैं। गांव के लोग एक पुल के कारण अनेक समस्याएं से जूझ रहे हैं। ग्राम जटियातोरा, सेदबाहरा, भरूवामुडा के ग्रामीणों से मुलाकात कर जिला समाजसेवी रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य, आत्मा राम ठाकुर, गुहान सिंह नागेश, जयराम सोरी, चमार सिंग नागेश, संजय नागेश, रोमन ठाकुर, भागसिह, बिसाहू राम, चरणसिंह सहित ग्रामवासियों ने बताया कि सरकार केवल विकास का ढोल पीट रहा है। उनके गांव तक आएं तो विकास की असलियत दिख जाएंगी।

खबर संक्षेप

शिव मंदिर पैरी उदगम स्थल भाठीगढ़ में पूजा

मैनपुर। पैरी उदगम भाठीगढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर एवं पैरी मंदिर में पूजा- अर्चना करने दूर- दूर से लोग पहुंच रहे हैं। विवाह के बाद नवविवाहित जोड़ा यहां पूजा करने पहुंचते हैं। मान्यता है कि पैरी उद्गम में पूजा करने से सभी मनोकामना पूर्ण होती है।

शहीद स्मारक में चलाया गया स्वच्छता अभियान

महासमुंद। शहीद स्मारक पर सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक-युवतियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई महासमुंद के अध्यक्ष युवराज सिंह चंदकार, कनक राम निषाद, प्रदीप कुमार, राम प्यारे साहू, प्रेमनाथ दीवान, नंद किशोर सिन्हा, अंजना, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर,केशरी साहू, विजय नायक, विकाश कुमार, रिया चंद्राकर, टामिन साहू, पूजा साहू, मनोहर, राजेश्वर, रेमेशवार, टेकेश्वरी, सत्तु, किरण निषाद आदि का सहयोग रहा।

चर्म रोग की जांच होगी आज

महासमुंद। मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में चर्म, यौन, कुष्ठ रोग जांच का आयोजन किया गया है। यह जांच सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शनिवार को दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक डॉ गरिमा शर्मा एमबीबीएस, एमडी गोल्ड मेडलिस्ट (चर्म एवं सौंदर्य रोग विशेषज्ञ) परामर्श के लिए अपनी सेवाएं देंगी। इसी तरह कान, नाक व गला जांच का आयोजन सायं 4 से 6 बजे तक किया गया है। जांच प्रतिदिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार व शनिवार को किया जाएगा। जिसमें विशेषज्ञ डॉ चंचल लहरी (एमबीबीएस, एमएस, ईएनटी) अपनी सेवाएं देंगे।

रानी दुर्गावती की पुण्यतिथि 24 को, हुई तैयारी बैठक

महासमुंद। आगामी 24 जून को गढ़ मंडला की महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इसके लिए तैयारी बैठक हुई। जिसमें प्रतिमा की साफ सफाई, पेंटिंग एवं पौधारोपण के लिए कार्ययोजना बनाई गई। इसमें समाज के सभी सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता ली जाएगी। बैठक में एसपी ध्रुव, एमएल ध्रुव,नीलकमल ध्रुव, पार्षद डमरू माझी आद उपस्थित रहे।

खैरा में सांसद की विजयी रैली निकाली

महासमुंद। लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी की प्रचंड बहुमत से जीतने की खुशी में खैरा के समर्थकों ने पटाखे फोड़कर मिठाई भी बांटी। साथ ही खीर पूड़ी का वितरण किया। नवनिर्वाचित महासमुंद सांसद श्रीमती चौधरी की जीत पर समर्थकों और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इस दौरान उपसरपंच नीलम, लीलाधर विश्वकर्मा, अखिलेश तिवारी,उमाशंकर, कार्तिक, परमानंद आदि मौजूद रहे।

शहादत दिवस : क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की शहादत दिवस पर आदिवासी समाज ने निकाली रैली

देश की आजादी में क्रांतिकारी बिरसा मुंडा के योगदान को कभी नहीं भूल सकते : महेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

आदिवासी समाज युवा प्रभाग द्वारा रविवार को महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की शहादत दिवस तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किलोमीटर दूर ग्राम जाडापदर मुख्य चौक में मनाई गई। सर्वप्रथम आदिवासी समाज के प्रमुख लोगों ने बिरसा मुंडा के छायाचित्र की पूजा अर्चना आदिवासी रीतिरिवाज अनुसार किया और उनके योगदान को याद करते हुए उनके बताये रास्तो पर चलने का संकल्प लिया और जूलुस निकालकर गांव का भ्रमण किया गया। इस दौरान आदिवासी एकता जिंदाबाद, बिरसा मुंडा अमर रहे जैसे गगनभेदी नारे लगाये गये, पश्चात विशाल सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गरियाबंद जिले के वरिष्ठ आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम ने कहा आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के योगदान को भारत देश कभी नहीं भूल सकता उन्होने जिस वीरता के साथ अंग्रेजों के साथ लड़ाई लड़ी है और भारत को अंग्रेजों के गुलामी से मुक्त कराने में उनके योगदान को नहीं भूला जा सकता। श्री नेताम ने आगे कहा आदिवासी मांगता नहीं है बल्कि अपने अधिकार के प्रति सजग रहकर उसे छीन लेता है, आज के युवा पीढ़ी को महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा के बारे में और अधिक जानने और समझने की जरूरत है। इस दौरान आदिवासी युवा नेता नेयाल नेताम ने कहा बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड प्रदेश के रांची के उलीहातू गांव मे हुआ था 1 अक्टूबर 1894 को नौजवान नेता के रूप मे सभी मुंडाओ को एकत्र कर उन्होने अंग्रेजो से लगान माफी के लिये आंदोलन किया 1895 मे उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन बिरसा और उनके शिष्यो ने क्षेत्र की अकाल पीड़ित जनता की सहायता करना ठान रखी थी और अपने जीवन काल मे एक महापुरूश का दर्जा पाया।

आदिवासियों को आज अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की जरूरत

महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपील ने कहा महान क्रांतिकारी बिरसा मुड़ा एक आदिवासी नेता और लोक नायक थे, आदिवासियो को अंग्रेजों के दमन के विरूद्ध खड़ा करके बिरसा मुड़ा ने यह सम्मान अर्जित किया था, 19वीं सदी में बिरसा भारतीय स्वतंत्र आंदोलन के इतिहास मे एक मुख्य कड़ी साबित हुए थे, उन्होने आगे कहा आदिवासियों को आज अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की जरूरत है साथ ही शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

जल, जंगल व जमीन के लिए किया संघर्ष

इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रमुख रूप से आदिवासी नेता बलिराम ठाकुर ने कहा कि बिरसामुंडा एक महान क्रांतिकारी थे। जिन्होने ब्रिटिश हुकुमत को हिलाकर रख दिया और आदिवासियों के जल जंगल जमीन के लिए संघर्ष किया देश के आजादी में बिरसा मुंडा के योगदान को कभी नही भूला जा सकता। इस दौरान आदिवासी समाज के लोगों ने विशाल जूलुस निकाली और पूरे गांव का भ्रमण किया तथा मैनपुर जिडार चौक में भी शहादत दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम, प्रताप मरकाम, नारायण नेताम, युवराज नेताम, बलिराम ठाकुर, पदम लाल नेताम, परमेश्वर मरकाम, गौकरण नागेश, सुभाष मरकाम, लीना नेताम, लालसिंह नेताम, थजुंलता नेताम, रोमन नेगी, बिसेसर, प्रियंका कपील, राहुल कोमर्रा, बेतरीन नेताम, दौलत नेताम, गगन नेगी, डोमार ओंटी, गेंदु यादव, श्रवण नेताम, उपासीन बाई नागेश, युवा प्रभाग जाडापदर से नेयाल नेताम, चौपाल नेताम, मनोज नेताम, चौहान सिंह, टीकम ध्रुव, भावेश ओंटी, भागवत ध्रुव, लेखराज नेताम, मिथलेस नागेश, डिगने"वर ध्रुव, ओंम ठाकुर, कुंदन ध्रुव, खेवेन्द्र नागेश, चैनसिंह नागेश, रेखराज ध्रुव, तेजमल ध्रुव, डोलेश्वर ध्रुव, मयंक, दुर्गम ध्रुव सहित सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आदिवासी युवा नेता सुभाष मरकाम ने किया।

ध्रुव समाज का वार्षिक महासभा 17 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

■ मंत्री केदार कश्यप होंगे शामिल

आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज जिला स्तरीय वार्षिक महासभा 17 जून को फिगेंश्वर राज 84 अन्तर्गत सर्कल सरगोंड कार्यक्रम स्थल भेंण्डरी -जामगांव में आयोजित है। समाज पदाधिकारी पन्नालाल ध्रुव प्रान्ताध्यक्ष, पूरन सिंह ठाकुर जिला अध्यक्ष ने कहा की कार्यक्रम के मुख्यातिथि अतिथि केदार कश्यप मंत्री वन, जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन एवं सहकारिता एंव विधायक राजिम रोहित साहू से 8 जून को भेंट मुलाकात किया गया। दोनों ने समाज की आमत्रण स्वीकार किया गया। और बतौर मुख्यातिथि शामिल होने आश्वस्त किया है। इस मौके पर समाज की ओर से पन्नालाल ध्रुव प्रान्ताध्यक्ष, पूरन सिंह ठाकुर जिला अध्यक्ष, गंगा राम नेताम जिला सलाहकार, कृष्णा कमार ध्रुव सर्कल अध्यक्ष, केदार प्रसाद ध्रुव सलाहकार, सियाराम ध्रुव सरपंच, अंजोर ध्रुव सलाहकार शामिल थे।

तौरेंगा में बिजली लगाने की मांग को लेकर करेंगे आंदोलन : युमेन्द्र

मैनपुर। युवा संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष युमेन्द्र कश्यप ने बताया कि तहसील मुख्यालय मैनपुर से 22 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राज्य मार्ग 130 सी पर बसा ग्राम तौरेंगा के ग्रामीणों को आज भी अंधेरे में जीवन बसर करना पड़ रहा है ग्राम पंचायत तौरेंगा की कुल आबादी लगभग 1850 के आसपास है और इस पंचायत के ग्राम जुंगाड़ व कोदोमाली आश्रित ग्राम हैं। इस गांव की सबसे पुरानी मांग बिजली की है। इस गांव के ऊपर से होकर बिजली की तारे देवभोग की तरफ गई है लेकिन कई बार आला अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों को आवेदन निवेदन करने के बावजूद अब तक गांव में बिजली नहीं लगाई गई है। बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए सौर ऊर्जा लगाई गई है लेकिन वह भी घंटा दो घंटा मुश्किल से जल पाता है। गांव में कब बिजली लगेगी, बताने वाला कोई नही है। युवा संघर्ष मोर्चा गरियाबंद जिलाध्यक्ष युमेन्द्र कश्यप ने कहा कि आजादी के सात दशक बाद भी हमारे गांव के ग्रामीण बिजली की रौशनी के लिए तरस रहे हैं। सत्ता बदली, सरकार बदली लेकिन बदल नहीं सकी हमारे गांव की तकदीर। कई बार जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व शासन प्रशासन से आवेदन निवेदन व मांग कर थक चुके हैं, लेकिन हमारी ओर अब तक किसी ने भी दिलचस्पी नहीं दिखाई है। जिससे गैरजिम्मेदाराना रवैया साबित हो रहा है। जिसको लेकर युवा संघर्ष मोर्चा द्वारा आंदोलन किया जायेगा।

जननायक थे बिरसा मुंडा : नीलकंठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पुण्यतिथि के अवसर पर पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास परिसर छुरा में भगवान बिरसा मुंडा बड़ादेव की प्रतिमा की पूजा कर कर आदिवासियों ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज गरियाबांद के प्रांतीय उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष गरियाबंद नीलकंठ ठाकुर ने कहा कि देश के स्वतंत्रता आंदोलन में अंग्रेजी हुकूमत के विरूद्ध बिरसा मुंडा ने अपने अधिकार, स्वाभिमान एवं जनजातीय संस्कृति की रक्षा के लिए शोषण के विरुद्ध आंदोलन का बिगुल फूंका था। उनके आंदोलन के कारण ही उन्हें स्वतंत्रता सेनानी व जन नायक की उपाधी मिली थी। महज कम उम्र में उन्हें ईश्वरीय शक्ति प्राप्त थी जिसके कारण रोगियों पीडितों के ऊपर हाथ फेरने मात्र से ठीक होने कारण जनजाति समाज ने भगवान का दर्जा दिया। आज आदिवासी समाज उन्हें भगवान की तरह पूजते है। समाजसेवी शीतल ध्रुव ने कहा कि नौ जून को उनकी शहादत देश की आजादी के संघर्ष के लिए हमेशा स्मरणीय रहेगा। भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर आदिवासियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके पदचिन्हों पर चलने का आव्हान किया। रोमन ठाकुर ने कहा कि शौर्य एवं पराक्रम के परिचायक, अत्याचार, अन्याय, शोषण व अंग्रेजों की निरंकुशता के विरुद्ध जल, जंगल, जमीन एवं आदिवासी अस्मिता की अलख जगाने वाले कम उम्र के महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा हमारे आदर्श हैं।युवा सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर ने बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अपने उद्बोधन में कहा की बिरसा मुंडा हमारे समाज के ही नहीं पूरे देश का गौरव हैं। वहीं समाज के युवा कार्यकर्ता संतोष सोरी ने कहा कि वीर सपूत के वीरता को कभी नहीं भुलाया जा सकता। इस अवसर पर गोपी साहू, भीषम सेन व जनजाति समाज के सामाजिक पदाधिकारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित हो कर विनम्र अभिवादन के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की।

महिलाओं ने माता कर्मा की छाया प्रति विधायक साहू को भेंट की

गरियाबंद। विधायक राजिम रोहित साहू के जन्मदिन के अवसर पर बहेरापाल सहित कई गावों के महिलाओं ने विधायक रोहित साहू के निज निवास पहुंचकर जन्मदिन की बधाई दी साथ ही भक्तिन माता कर्मा की छाया प्रति चित्र भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान क्षेत्र से भारी संख्या में लोग पहुंचे। बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचकर अलग-अलग तरीके से उनको बधाई दिए। इस दौरान सुनीति साहू उपाध्यक्ष बोरसी परिक्षेत्र साहू समाज, हीरा साहू, किरण साहू, मान बाई साहू, पार्वती साहू, नीरा साहू सहित कई महिलाओं ने स्वागत किया।

सिर्रीखुर्द में 101 पौधों का किया गया रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

पर्यावरण सरक्षण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण किया जा रहा हैं। वहीं ग्राम सिर्रीखुर्द में युवाओं ने अनुकरणीय पहल करते हुए अन्य लोगों को भी पर्यावरण सरंक्षण के प्रति जागरूक किया।रविवार को राजिम विधायक रोहित साहू के जन्मदिन पर 10 -10 फीट के 101 पौधों का रोपण किया गया। विशेष तौर पर जो इस गांव से शासकीय नौकरी करते हैं व बाहर सेवा कर रहे हैं ने प्रयास फाउंडेशन एवं आर्यन क्रिकेट क्लब का गठन किया है। ये सभी मिलकर प्रतिवर्ष चयनात्मक कार्य करते हैं। इस बार सिर्रीखुर्द के क्रिकेट मैदान -मुक्तिधाम में बृहद वृक्षारोपण का बीड़ा उठाया है। वहां उनके विकास के सिंचाई व्यवस्था हेतू मोटर पम्प की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा इस तरह अभियान आगे भी चलता है। पौधारोपण करने वालो में विजय कंडरा विधायक प्रतिनिधि, टिकेश साहू सरपंच, हरिराम साहू, छबिराम वर्मा, दयालू साहू, नेमुराम साहू, सोहन साहू, सुखराम साहू, टिकेश साहू, उमेन्द्र साहू, रमेश साहू, टोपेश साहू, गणेश साहू, थानसिंग साहू, खोमन सिन्हा खेमराज वर्मा, थनेश्वर वर्मा, राजेश सोनी, संतोष वर्मा, हूमेश साहू, एनसिंग साहू, भूपेंद्र सोनी, रोहित कंडरा, चुमेश्वर वर्मा, उदय साहू, सहदेव वर्मा, धनेश्वर वर्मा, पोखराज वर्मा, अदेश्वर साहू रुखमन वर्मा हितेश कंडरा, देवेंद्र वर्मा, सोनू, रवि, प्रवीण, ललित, वाकेश, लीलेश साहू, लीलेश निषाद, जितेंद्र कंडरा, दिलीप वर्मा, चंद्रा, शुभम, परमानंद वर्मा, देवदास, उमेश, देवव्रत, दुर्गेश, मिथलेश, प्रयास फाउंडेशन, आर्यन क्लब, पंचगण, महिला कमांडो शामिल थे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के जन्मदिवस के अवसर पर राजिम विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लोहरसी में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा गांव के तालाब किनारे पौधारोपण किया गया। इस दौरान पूर्व सरपंच घनश्याम पटेल ने कहा कि वर्तमान में अभी काफी गर्मी पड़ रही है और लोग अपने कर्तव्य को भूलकर वृक्ष को काट रहे हैं जो हमारे जीवन के लिए हानिकारक साबित होते दिखाई दे रहा है। सभी लोगों से अपील करूंगा कि अपने घरों के आसपास एक वृक्ष जरुर लगे जिससे हमें भविष्य में एक छांव मिल सके और उससे ऑक्सीजन मिल सके। वहीं उपस्थित वर्तमान जनपद सदस्य दीपक साहू ने कहा कि पेड़ से ही हमें ऑक्सीजन मिलता है जिनके कारण आज हम श्वास ले पा रहे हैं। इस दौरान पोखन साहू, चंद्रशेखर साहू, हलधर पटेल, किसनू पटेल, जमना निषाद, मोहन ढीढ़ी, संतोष पटेल, सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सेंदर में पौधारोपण

छुईहा बेलर। राजिम विधायक रोहित साहू के जन्मदिन पर गांव- गांव में पौधा रोपण किया गया है।पौधा रोपण करने वालो मे पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू, सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू, सरपंच बोड़की रामजी साहू व चन्द्रिका साहू थे।

मेरे जन्मदिन को यादगार और अविस्मरणीय बनाने वाले भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता-मातृशक्तियों को प्रणाम करते हुए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

रोहित साहू

विधायक

राजिम विधानसभा क्षेत्र

प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123